खबर संक्षेप

## दीपक से जली फल दुकान, हजारों रूपये का नुकसान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के बस स्टैंड पर दीपावली की रात एक फल की दुकान में आग लग गई। यह आग दुकान में पूजा के लिए जलाए गए दीपक से लगी, जिससे दुकानदार को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।नगर के वार्ड नंबर 10, पुराना मटन मार्केट निवासी धर्मेंद्र पिपरा पिछले कई वर्षों से बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप के पास टीन के ठेले पर फल की दुकान चलाते हैं। दीपावली की रात दिनभर दुकानदारी करने के बाद रात करीब 9 से 10 बजे के बीच उन्होंने दुकान में माता लक्ष्मी की पूजा की। पूजा के बाद जलते हुए दीपक और अगरबत्ती को दुकान के भीतर ही छोड़कर वे दुकान बंद कर घर चले गए।कुछ देर बाद दुकान से हल्का धुआं उठते देख लोगों को लगा कि यह अगरबत्ती या दीपक का धुआं होगा। हालांकि, थोड़ी देर बाद आग की लपटें उठने लगीं। आग ने दुकान के भीतर रखे फल, कुछ नकदी, पानी की केन और बैटरी सहित अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही दुकानदार धर्मेंद्र पिपरा और उनके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इसी बीच, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरजीत सिंह ठाकुर भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल नगर पालिका फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार धर्मेंद्र पिपरा ने बताया कि आगजनी से उन्हें हजारों रुपए की क्षति हुई है। यह घटना बस स्टैंड पर पेट्रोल पंप के समीप हुई, जिससे आग के बड़े पैमाने पर फैलने का खतरा था, जिसे फायर ब्रिगेड ने टाल दिया।

## बेटे ने पिता की बांस से पीट-पीटकर कर दी हत्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में काम नहीं करने पर डांटने से नाराज बेटे ने अपने पिता की बांस से पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना मलाजखंड थाना क्षेत्र के भड़गांव में हुई। पुलिस ने बुधवार को सूचना मिलने के बाद एफएसएल टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, मृतक धनीराम मेरावी (55) अकसर अपने बेटे कृष्णा मेरावी को घर और खेत में काम नहीं करने पर डांटा करते थे। गत दिवस भी पिता ने इसी बात को लेकर बेटे को फटकारा था। इससे नाराज होकर कृष्णा मेरावी ने घर में रखे बांस के डंडे से पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मृतक धनीराम मेरावी का शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए मलाजखंड अस्पताल भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मलाजखंड थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि इस मामले में हत्या का केस दर्जकर लिया गया है।

## ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों पर होगी कार्यवाही

**बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत की जाए और ई-अटेंडेंस नही लगाने वाले शिक्षको पर कार्यवाही की जाए। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को निर्देशित किया गया कि 25 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें और इसमें अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाए।

### आज से प्रारंभ हुआ मड़ई मेलों का सिलसिला

# मढ़ई ब्याहने पहुंचे पहुआ, उमड़ा जनसैलाब

### सीमित स्थान पर होता मड़ई का आयोजन, स्थान परिवर्तन की मांग

मण्डला।





**जिला मुख्यालय के राजराजेश्वरी वार्ड के कलंका बुर्ज के सामने मैदान में मढ़ई का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय से शुरू मड़ई को लेकर भारी उत्साह बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक देखा गया। सुबह से मढ़ई स्थल में दुकानें सजना शुरू हो गई। जिनमें देशी मिठाईयां, कपड़े, खिलौने, वाद्य यंत्र, सिंघाड़ा, कांदा जैसे अनेकों प्रतिष्ठान सजे, अनेकों प्रकार के झूले लगाए गए। शहर की मुख्य मड़ई होने के कारण शहर के आसपास के लोग मड़ई में एकत्रित होना शुरू हो गए और शाम 5 बजे से मढ़ई ने विशाल रूप ले लिया।**

हाथों में चंडी लिए मानादेई, मड़ईखापा, माली मोहगांव, गौंझी, सुरंगदेवरी, देवदरा समेत अन्य जगहों से पहुआ मड़ई ब्याहने के लिए नेहरू स्मारक में एकत्रित हुए और किले घाट से भी पहुआ अहिर बंधु राजराजेश्वरी वार्ड मड़ई ब्याहने आए। वर्षो से मड़ई ब्याहने की यह परंपरा आज भी इनके द्वारा चलाई जा रही है। बांस में मौर के पंखों को लगाकर सजाया जाता है। जिसे लेकर पहुआ मैदान में पहुंचे। वहीं जंगली भैंस के सींग की ध्वनि करते हुए चण्डी ब्याहने पहुआ मैदान में आए और चंडी के आसपास घूमते हुए मढ़ई को ब्याहा। लोग उन पर चांवल व उड़द के दाना फैक रहे थे। जिससे उनके ऊपर बुरी आत्माओं का साया इन पहुआ के साथ चंडी अपने में समाहित कर ले। जिससे अनेकों रोगों, बुरी बलाओं से आम जनों को मुक्ति मिलती है।

### पूजी गई गंगो दाई -

चंडी लगाने की एक परंपरा के चलते तालाबों में मिलने वाले गुदला कांदा को बारीक-बारीक काटकर और फूल मालाओं के साथ बांस में बांधा जाता है। जिसे चबंटी गंगो दाई भी कहते है। एक दोरी में गंगो दाई को सवार कराकर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। किले घाट से पानी पिलाकर सीधे मढ़ई के बीच में लाया गया। जिनके आसपास घूमते हुए चकौड़ा बीज, उड़द दाल, चांवल छिडक़ते हुए आशीर्वाद लिया। कहा जाता है चंडी में सभी चंडी देवियों का वास होता है। यादव समाज के साथ-साथ इसमें सम्मिलित होने वाले आदिवासी बंधु भी बड़े उत्साह से चंडी की पूजा अर्चना करते है और गंगो दाई को पूजते है। मड़ई को ब्याहते हुए अनेक अहिर बंधुओं के साथ महिलाओं को भी भाव का अहसास होने लगता है।

### परंपरिक पौषाक में रहे अहीर -

प्रत्येक वर्षो की तरह इस वर्ष भी कोड़ी की माला को गाय के बालों में गुथकर उसके जेवर बनाए जाते है और वहीं कोड़ी को कपड़े में गुथकर छाला बनाया जाता है। जिसे पहनकर अहिर बंधुओं के द्वारा नाचा जाता है। पैर में घुघरू, तोरण पहनकर थाली व मादर की आवाज के साथ जब अहिर नृत्य होता है। जिसे देख लोग स्वयं को झूमने से नहीं रोक पाते। इनकी यह वेशभूषा दीवारी दोहा के साथ चार चांद लगा देती है।

### मड़ई में अव्यवस्था -

इस बार भी मड़ई में अव्यवस्थाएं व्याप्त रही। पहुंच मार्ग में सकरा होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। किले तक पहुंचने के लिए एक मात्र रास्ता है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। महाराजपुर पुरवा से भी लोग नाव से नर्मदा जी पार कर मड़ई का आनंद लेने पहुंचे।

# भाई बहन के पवित्र बंधन का उदाहरण है भाई दूज

### भाई की लंबी उम्र के लिए की प्रार्थना, लगाया तिलक

मण्डला।

दीपावली के बाद तीसरे दिन भाईदूज का पर्व मनाया गया। हिन्दू धर्म के अनुसार तिलक व प्रार्थना का बड़ा महत्व है। जिसके चलते बहनों ने सुबह से ही स्नानादि से निवृत्त होकर भगवान की पूजा के बाद घर में गोबर से बनाए गए गोबर्धन पर्वत की पूजा अर्चना की। दूज माता से भाई की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। भाईयों को तिलक लगाया और उन्हें नारियल भेंट कर मिठाई खिलाई और भगवान से प्रार्थना की कि उनके भाई हंसते खेलते बाधाओं से सुरक्षित रहे और अच्छे स्वास्थ्य के साथ रहे।





बहनों ने अपने भाई की रक्षा एवं उन्हें हर समस्या को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना यम द्वितीया माता से की। यह क्रम सुबह से लेकर शाम तक प्रत्येक घरों में चलता रहा। जहां भाई नहीं पहुंच पाए। वहां बहनें पहुंची और जहां बहनों का आना नहीं हो सका, वहां भाई पहुंचे। भाई बहिनों के इस पवित्र बंधन का उदाहरण भाई दूज में देखने को मिला। शास्त्रों के अनुसार भैयादूज अथवा यम द्वितीया में मृत्यु के देवता यमराज का पूजन किया जाता है। इस दिन बहनें भाई को अपने घर आमंत्रित कर या शाम को उनके घर जाकर उन्हें तिलक करती हैं और भोजन कराती हैं। ब्रजमंडल में इस दिन बहनें भाई के साथ यमुना स्नान करती हैं, जिसका विशेष महत्व बताया गया है। भाई के कल्याण और वृद्धि की इच्छा से बहने इस दिन कुछ अन्य मांगलिक विधान भी करती हैं। यमुना तट पर भाई-बहन का समवेत भोजन कल्याणकारी माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने जाते हैं। उन्हीं का अनुकरण करते हुए भारतीय भ्रातृ परम्परा अपनी बहनों से मिलती है और उनका सम्मान पूजनादि कर उनसे आशीर्वाद रूप तिलक प्राप्त कर कृतकृत्य होती हैं।

बहनों ने इस दिन नित्य कृत्य से निवृत्त होकर अपने भाई के दीर्घ जीवन, कल्याण एवं उत्कर्ष के लिए और स्वयं के सौभाग्य के लिए अक्षत, कुंकुमादि से अष्टदल कमल बनाकर इस व्रत का संकल्प कर मृत्यु के देवता यमराज की विधि पूर्वक पूजा की। इसके बाद यमभगिनी यमुना, चित्रगुप्त और यमदूतों की पूजा की। भाई को तिलक लगाकर भोजन कराया।

# स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने मनाई दीपावली मां लक्ष्मी का विधिवत पूजन-अर्चन

मण्डला।

स्वतंत्र पत्रकार संगठन जिला कार्यालय, रेड क्रॉस भवन मंडला में आज दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और दीपों की आराधना कर क्षेत्र की समृद्धि, खुशहाली और सौहार्द की कामना की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके पश्चात मां लक्ष्मी का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राकेश झा, एस.पी. तिवारी, अशोक मिश्रा, अखिलेश, बिल्लू अग्रवाल, कपिल वर्मा, राजेश जोशी, आयुष्मान वर्मा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और पत्रकारिता क्षेत्र में संगठन की एकजुटता तथा सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की।

पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा सामूहिक रूप से दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सदस्य राकेश झा ने किया और आभार प्रदर्शन कपिल वर्मा ने किया।





इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि दीपावली का यह पर्व केवल रोशनी का नहीं बल्कि समाज में सकारात्मकता, सत्य और एकता के प्रसार का प्रतीक है। स्वतंत्र पत्रकार संगठन ने जिले में पत्रकारों के बीच सहयोग और संवाद बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके का मंडला आगमन 24 अक्टूबर को

मण्डला।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 24 अक्टूबर को प्रातः 5:40 बजे जबलपुर से मंडला के लिए प्रस्थान करेंगी तथा प्रातः 7:30 बजे मंडला पहुंचेंगी।

## मुख्यमंत्री ने "समाधान ऑनलाइन" की समीक्षा की

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "समाधान ऑनलाइन" के चयनित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को नागरिकों से संबंधित लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मण्डला जिले से एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकचेला, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी ऑनलाइन बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि शासन स्तर पर प्राप्त समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो, ताकि जनता को राहत मिले और व्यवस्था में विश्वास सुदृढ़ हो।

# पुलिस अधीक्षक ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

### थाना मवई एवं थाना बिछिया की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा थाना मवई एवं थाना बिछिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं और लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई। महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### माइक्रो बीट सिस्टम पुस्तिका समीक्षा -

पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान जिले में लागू ₹माइक्रो बीट सिस्टम₹ के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा कर बीट प्रभारियों को वितरित की गई बीट पुस्तिका के उचित उपयोग और उसमें क्षेत्र की महत्वपूर्ण जानकारी नियमित रूप से दर्ज करने पर जोर दिया गया। बीट प्रभारियों को जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने और छोटी-छोटी सूचनाओं को भी दर्ज कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अपराध नियंत्रण में सुधार हो।

### फोर्स की समस्या से हुए रूबरू -

चर्चाः थाने पर उपलब्ध फोर्स की संख्या और कार्य विभाजन की समीक्षा की गई। साथ ही एसपी द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत एवं अन्य समस्या से रूबरू होकर निराकरण का आश्वासन दिया गया। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान थाना मवई अंतर्गत गंभीर अपराध के घटनास्थल निरीक्षण कर, घटना स्थल की प्रक्रिया और गुणवत्ता की जांच कर जांच अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे घटनास्थल पर 'अपराध दृश्य' (Crime Scene) को वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित करें, मौके से भौतिक साक्ष्यों को त्रुटिरहित तरीके से संकलित करें और फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी करना सुनिश्चित करें।





### मालखाना और जब्त वाहन निराकरण की प्रगति का निरीक्षण -

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के मालखाने का निरीक्षण कर रिकॉर्ड संधारण की गुणवत्ता, मालखाने में रखे सामान की सुरक्षा और नियमित लेखा-जोखा रखने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही न्यायालय में लंबित मामलों से जुड़े जब्त वाहनों एवं लावारिश वाहनों के शीघ्र निस्तारण (नीलामी/सुपुर्दगी) की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए।

### पेंडिंग मार्ग एवं एक्सीडेंट के अपराधों की समीक्षा -

पेंडिंग मर्ग के मामलों की गहराई से समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटना (एक्सीडेंट) से जुड़े लंबित मामलों में त्वरित जांच पूरी कर जल्द से जल्द चालान पेश करने का निर्देश दिया गया। दुर्घटना के कारणों का विश्लेषण कर ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने और यातायात पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया। साथ हिट एंड रन के केस की जांच समय सीमा में कर हिट एंड रन प्रतिकर योजना अंतर्गत कानूनी जानकारी भी संबंधित को देने हेतु निर्देशित किया गया।

### थाना व्यवस्था, निरीक्षण एवं अपराधों की समीक्षा -

थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और रिकॉर्ड रूम (अभिलेख कक्ष) को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। शिकायत निवारणः फरियादियों के साथ विनम्र व्यवहार सुनिश्चित करने और उनकी शिकायतों का त्वरित, समुचित एवं संतोषजनक निराकरण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को सभी लंबित मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना की सफलता की कहानी



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** परियोजना किरनापुर अंतर्गत आने वाली ग्राम आमगांव की लाभार्थी महिला श्रीमति भित्ता पति अनुज पांचे ग्राम आमगाव की निवासी है। जिनकी बेनिफिसरी आईडी 207090449 है। इन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत प्रथम गर्भावस्था में पांच हजार रुपये की राशि एवं द्वितीय बालिका जन्म पर छः हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिस पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहां कि इस योजना की जानकारी मुझे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विनीता मेश्राम द्वारा दी गई थी। कि हमारे विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना चल रही है जिसमें प्रथम बार गर्भवती होने वाली महिला को पांच हजार रूपये की राशि दी जाती है, जिसमें प्रथम जनि किश्त तीन हजार एवं शिश जन्म पश्चात दो हजार रुपये की राशि प्रदाय की जाती है। मेरे द्वारा इस योजना के तहत फार्म भरा गया और मुझे पांच हजार तथा द्वितीय बालिका होने पर मुझे छः हजार रुपये की राशि मेरे खाते में प्रदाय की गई। मेरे द्वारा इस राशि का उपयोग गर्भावस्था के द्वारान पूरक पोषण आहार एवं बच्चे के स्वास्थ्य पर खर्च किया गया। उन्होने प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी, क्षय महिला बाल विकास विभाग किरनापुर जिला बालाघाट एवं सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**खबर संक्षेप**

## चित्रांशजनों ने की चित्रगुप्त एवं कलम दवात की पूजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दीवाली उपरांत दूज गुरूवार को यम द्वितीया के पावन अवसर पर स्थानीय कायस्थ समाज ने अपने घरों एवं इसके पूर्व मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन बडे ही विधि विधान के साथ किया गया। बताया जाता है कि नगर के छिड़ाव घाट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में यम द्वितीया पर कायस्थ समाज के लोगों ने पंडित द्वारा मंत्रोच्चार के बीच सामूहिक रूप से भगवान चित्रगुप्त के आलवा कलम दवात का सामूहिक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के बड़ों से लेकर महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चों ने कागज कलम लेकर मंत्रों का लेखन कर शक्कर नदी के जल में प्रवाहित किया। इस अवसर पर महेंद्र श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, भागचंद वर्मा, आशीष सक्सेना, आशीष श्रीवास्तव साईं आशीष गार्डन, सचिन श्रीवास्तव, लल्लूराम, अखिलेष, कुलदीप, तुलसीकांत, संतोष, सतीष श्रीवास्तव सहित सावित्री श्रीवास्तव, मनोरमा श्रीवास्तच, साधना सक्सेना सहित कायस्थ समाज के लोग एवं महिलाएं, युवा, बच्चे आदि सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** साईखेड़ा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे ने बीआरसी संदीप स्थापक के साथ शासकीय प्राथमिक शाला उसराय एवं शासकीय उ मा विद्यालय बम्हौंरीकलाँ का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि उन्होंने इस दौरान उसराय मे जनभागीदारी ने निर्मित हुए शौचालय कार्य को विद्यालय विकास मे अहम बताया। वही बच्चों से पढ़ाई संबंधी जानकारी लेते हुए एफएलएन अभ्यास पुस्तिकाओं, एटग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं के सतत मूल्यांकन के निर्देश दिये। बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाये जाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जनशिक्षक सुरेन्द्र राजपूत ,शिक्षक हल्केवीर पटैल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## शिक्षक ने दिव्यांग बच्चों के घर जाकर वितरित की दीवाली की खुशियाँ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** दीपावली के अवसर पर समीपस्थ ग्राम सांगई मे माध्यमिक शिक्षक मधु सूदन पटैल ने उनके विद्यालय एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला के पूर्व एवं वर्तमान दिव्यांग छात्र छात्राओं के घर जाकर उन्हें दीपावली के पटाखे एवं मिठाईयाँ भेंट कर खुशियाँ का संदेश दिया। ज्ञात हो कि शिक्षक मधुसूदन पटैल वर्ष 2019 से प्रतिवर्ष दीपावली पर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के घर जाकर उन्हें सामग्री भेंट करते हुये उनके बीच दीवाली की खुशिया मनाते हुये चले आ रही है। इसी के चलते दीवाली के पावन अवसर पर शिक्षक पटैल ने बताया कि दीपावली का पर्व खुशियाँ लेकर आता है ऐसे मे इस खुशी से दिव्यांग बच्चे वंचित न रहें एवं वे भी अन्य बच्चों की तरह दीपावली की खुशियों मे शामिल हो इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखकर उनके घर पहुँचकर उन्हें सामग्री प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र अर्जुन केवट, राजा केवट आदि साथ रहे।

### मरीजों की सुरक्षा के साथ यातायात में बन रहा बाधक, शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों को बिजली व नल कनेक्शन प्राप्त होना खड़े कर रहा सवाल...?

# शासकीय चिकित्सालय के सामने सड़क किनारे बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किया जाना पड़ रहा भारी





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर ही नही बल्कि गाडरवारा तहसील की सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सालय इस समय अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझना आम बात बन चुकी है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र में जिस तरह से अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है उसके चलते यहां पर भर्ती रहने वाले मरीजों के साथ साथ चिकित्सालय को आने जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा चिंता जनक स्थिति में दिखाई देने से नही चूक पा रही है..? बताया जाता है कि यहां पर भर्ती रहने वाली मरीज जहां अपने आपकों को असुरक्षित महसूस करते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल चिकित्सालय में आने जाने वाली आम महिलाओं का भी देखने मिल रहा है। क्योंकि शासकीय चिकित्सालय परिसर के ठीक सामने यानि की मुख्य मार्ग पर जिस तरह अतिक्रमण हो रहा है उसके चलते चिकित्सालय की सुरक्षा को तो ग्रहण लग ही रहा है साथ ही साथ यातायात व्यवस्था में भी बाधा पहुंचने से नही चूक पा रही है। चिकित्सालय के सामने मुख्य मार्ग के किनारे खाली पड़ी हुई सरकारी शासकीय भूमि पर रातो रात अतिक्रमण करते हुये लोग अपना कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रहे है। कहने के लिये तो दो साल पहले शासन द्वारा यहां पर अतिक्रमण हटाते हुये तारबाड़ी लगा दी गई थी। मगर हैरत की बात है कि प्रशासनिक अधिकारियों सहित चिकित्सालय प्रबंधन की अनदेखी के चलते अतिक्रमणकारियों द्वारा उस तार बाड़ी को तोड़कर पुनः अतिक्रमण करते हुये अपना कब्जा जमा लिया गया। हाल इस तरह से देखा जा रहा है कि कुछ चिकित्सालय विभाग से जुडे हुये लोगों द्वारा भी चिकित्सालय की बाउन्ड्री बाल को शहीद करते हुये अपने स्वार्थ पूर्ण करने में कसर नही छोड़ रहे है..? इस तरह शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं के लिये प्रमुख स्थान बनने से नही चूक पा रहा है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को लेकर जिस प्रकार से चुप्पी साधी जा रही है उसके चलते यहां की चिंता जनक स्थिति बनने से नही चूक रही है। नगर के शासकीय चिकित्सालय के चारों ओर फैल रहे अतिक्रमण के चलते यह हाल बन चुका है कि मरीजों का चिकित्सालय के अंदर प्रवेश कर पाना मुश्किल होने लगा है। वही दूसरी ओर अनेक प्रकार की दुकानों के बाद यहां पर देर रात तक यहां पर जहां पर संचालित होने वाली गतिविधियों के चलते रात के समय चिकित्सालय आने जाने वाले मरीजों को दहशत में देखा जाने लगा है। देर रात तक चिकित्सालय क्षेत्र में मनचलों का जमावड़ा लगा रहने की स्थिति में शासकीय चिकित्सालय में भर्ती रहने वाली महिला मरीजों सहित अन्य मरीज अपने आपको पूर्णरूप से असुरक्षित महसूस करने के साथ साथ दहशत में दिखाई देने लगे है..? गौर किया जावे तो अतिक्रमण कारियों को प्रभावशाली लोगों के साथ साथ जिस तरह से प्रशासन का पूरा संरक्षण प्राप्त हो रहा है उसकी सच्चाई इस बात से उजागर होते हुये जान पड़ रही है कि अतिक्रमणकारियों को बिजली व नल कनेक्शन मिल रहे है। वह निश्चित नियम के विपरित माने जाते है? जबकि नियम के अनुसार देखा जावे तो यदि किसी आम नागरिक को नपा से नल कनेक्शन व बिजली विभाग से बिजली कनेक्शन लेना होता है तो अनेक प्रकार से उसे अपने आवास या जमीन संबंधी दस्तावेज पेश करना पड़ते है। जब कही मुश्किल से बिजली तथा नल कनेक्शन मिल पाता है। मगर यहां पर अतिक्रमण कारियों की दुकानों से लेकर टपरों में बिजली मीटर सहित नल लगे हुये देखे जा रहे है वह निश्चित ही इस बात की सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रही है कि नपा व बिजली विभाग द्वारा सभी निमयों को दर किनार करते हुये इन्हे कनेक्शन देने में कोई कसर नही छोड़ी गई होगी..? यदि इन विभागों द्वारा अतिक्रमण कारियों को इन जरूरी सुविधाओं से बंचित रखा जाता तो निश्चित तौर से अधिक्रमण पर काफी हद तक अंकुश लग सकता था। मगर इन शासकीय संस्थाओं द्वारा अतिक्रमणकारियों को जरूरी सुविधाओं के लिये सहूलियत प्रदान की जा रही है उससे यह विभाग भी अतिक्रमण करने वालों के लिये संरक्षण की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक रहे है..? इस प्रकार से शासकीय चिकित्सालय के सामने खाली पड़ी हुई भूमि के आलवा चिकित्सालय परिसर में लगातार फैल रही अधिक्रमण के चलते जहां चिकित्सालय के मरीजों को तो परेशानियों का सामना करना ही पड़ रहा है साथ ही साथ यहां पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होने से नही चूक पा रही है। क्योंकि शासकीय चिकित्सालय के सामना वाला मार्ग नगर का प्रमुख मार्ग माना जाता है। इस स्थिति में इस मार्ग से दिन भर जहां स्कूली छात्र छात्राओं का आना जाना लगा रहता है। वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी कृषि मंडी के लिये इसी मार्ग से निकलते है। इस स्थिति में यह अतिक्रमण हर वर्ग के लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने लगा है। यहा पर फैले हुये अतिक्रमण के चलते सबसे अधिक परेशानी महिला मरीजों को होते हुये देखी जा रही है। क्योंकि अतिक्रमण से बनी हुई इन दुकानों पर दिन भर सड़क छाप मंजनुओं का जमावड़ा रहने के चलते स्कूली छात्राओं को निकलना मुश्किल हो रहा है तो वही चिकित्सालय आने जाने वाली महिला मरीजों को भी परेशानियों से जूझते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है।

## लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में बेरोजगार युवा सड़कों पर भटकने को हो रहे मजबूर




**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** नौजवानो में कुछ नया करने का जज्बा और समाज में बदलाव लाने की ताकत होती है। किन्तु जब उन्हे सम्मान,कोई काम नही मिलता है तो उम्मीदों से भरी उनकी ऑखो की चमक गायब होने लगती है और उनकी सक्रियता खत्म होने से वे परिवार पर बोझ बनने के साथ ही कुंठित होने लगते है। बदनसीबी की बात है कि शहर व क्षेत्र के गांवो में इन दिनों महँगाई के अलावा युवाओं की बेरोजगारी की समस्या आमलोंगो को परेशान कर रही है। बताया गया है कि क्षेत्र में कालेजों से डिग्रियॉ लेने वाले हजारों युवा लम्बे अरसे से बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। हालत यह है कि जिला रोजगार कार्यालय में वर्षो से पंजीयन कराने के बाद भी उन्हे ऐसी छोटी नौकरी भी नही मिल पा रही है,जिसके सहारे वे अपने घरो में खुशिया बिखरा सके , शहर के हालात पर यदि नजर डाली जाए तो यह सच्चाई उभरकर सामने आने लगी है कि शहरों में चलने वाले कोचिंग सेन्टरो, महाविद्यालय, स्कूलो, सायवर कैफो से किताबी, तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर हर वर्ष हजारों की तादाद में युवा निकलते है। मगर वह प्रतिभा वान होने के बावजूद उनको नौकरी की तलाश में दर दर भटकना पड़ता है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो इनमें से कुछ नौजवान अनचाहा धंधा करने लगते हैं और कुछ शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं के फैले शोषण के जाल में उलझ कम तनख्वाह लेकर बच्चों को पढ़ानें लगते है और बहुत से बेरोजगार युवा ऐसे भी होते है जो बेकारी से तंग होकर मजबूरी वश ऐसे अवैध काम करने लगते है। जो उनके स्वभाव के विपरीत होते है। क्षेत्र में बेरोजगारो की संख्या में ईजाफा होने के कारण नौजवानो के भविष्य को लेकर अब क्षेत्र में चिंता की लहर दौड़ती प्रतीत हो रही है। विदित हो कि क्षेत्र में जब फैक्ट्रियॉ लगी थी, तो ऐसा लगा था कि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसरो का सृजन होगा, लेकिन दुर्भाग्य से उक्त उपक्रमो में क्षेत्रीय नौजवानो को 25 प्रतिशत भी नौकरियॉ नसीब नही हुई? जिसका नतीजा है कि क्षेत्र में निरंतर बेरोजगार युवाओं की फौज बढ़ती रही और बेरोजगारी की समस्या ने जाटिल रूप धारण कर लिया। गौरतलब है कि आमतौर पर नौजवान स्वाभिमानी, जोशीले होते है, इसलिए बेकारी से तंग होने के बावजूद वे अपने दर्द का इजहार करने में संकोच करते है मगर इस उलट हकीकत यह रहती है कि नेता व साधन सम्पन्न बेरोजगार युवाओं को उपेक्षित करने लगते है तथा उनकी जिंदगी में कुछ नया करने की उमंग क्षीण होने लगती है, इस प्रकार से देखा जावे तो क्षेत्र में बेकार युवाओं की तादाद बढ़ते जाना सचमुच चिंता जनक बात है क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की व्यवस्था, सरकार स्तर के नए, औद्योगिक प्रतिष्ठान, रोजगार के अवसरो के सृजन, बेरोजगार युवाओं के हो रहे आर्थिक शोषण पर अंकुश लगाना अब समय की मॉग है, जिस पर तवज्जो देकर जनप्रतिनिधियो, शासकीय अधिकारियो, समाजसेवी संस्थाओं को क्षेत्र मिटाने सार्थक कदम उठाना चाहिए ताकि क्षेत्र के हर शिक्षित नौजवान को नौकर मिल सके और वह गर्व के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके।

## भाई दूज पर बहिनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर मांगी मंगल कामना



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पांच दिवसीय दीपावली का त्यौहार नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अपने घरों में जहां धन की देवी माँ लक्ष्मी की विधि विधान के साथ पूजन, आराधना की गई तथा माँ लक्ष्मी से अपने घरों में सुख, समृद्वि आने की मनोकामना कर घरों को जगमग दीपों सुसज्जित कर लोगों ने दीपोत्सव की शुभकानाओं का आदान प्रदान किया। वही दूसरी ओर देखा गया कि दीपावली की रात जहां बच्चों व युवाओं ने रंगोलियों से सजे हुए घर आंगनों व सड़को पर उत्साह के साथ जमकर फटाखें फोड़ वातावरण को सप्तरंगी प्रकाश से ओत प्रोत करने के बाद विविध प्रकार के व्यंजन, मिठाईयाँ खाकर दीपावली मनाने के अपने उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा यानि की दीपाली के तीसरे दिन बुधवार को लोगों द्वारा भगवान गोवर्धन पूजा करते हुए अपनी उमंग का इजहार किया। क्योंकि इस वर्ष तिथि के उतार चढ़ाव के चलते भाई दूज दीवाली के तीसरे दिवस मनाई गई। इस दिन मान्यता के अनुसार घरों में लोगों ने गोवर्धन बनाए गये तथा यादव समाज बंधुओं ने गाय बैलों को सजा संबार कर उनकी पूजा करने के बाद उन्हे विष्ठान खिलाया गया। वही घरों में महिलाओं ने भी गोवर्धन का पूजन कर सुख, समृद्वि की कामना करते हुए गोवर्धन की प्रिक्रमा की। इस प्रकार से गोवर्धन पूजन के दिन शहर के मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें शहरवासियों ने भगवान को विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थो के लगे भोग को प्रसादी के रूप में ग्रहण किया। कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया यानि की भाई दूज गुरूवार के दिन नगर में जहां व्यापरियों ने अपने प्रतिष्ठानों पर बंदन वारों व फूल मालाओं से सजाते हुए लक्ष्मी व भगवान श्री गणेश सहित माँ सरस्वती, भगवान कुंवेर देव की पूजन करते हुए करते हुए कलम, दावत की पूजन कर नये सिरे से अपने व्यापार का शुभारंभ किया। वही भाई दोज के मौके पर बहिनों ने अपने भाईयों के माथें पर तिलक लगाते हुये भगवान से उनकी लक्ष्मी उम्र की कामना करते हुये सुख समृद्व बनाने के लिये आर्शीवाद मांगते हुये उनकी सुरक्षा के लिये आराधना की गई। वही दूसरी ओर बहिनों द्वारा भाईयों के माथे पर तिलक लगाने के उपरांत भाईयों द्वारा अपनी बहिनों को उपहार स्वरूप अनेक प्रकार की सामग्री तथा नगद राशि देते हुये उनकी रक्षा का भरोसा दिलाया गया।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया लेफ्टिनेंट शिवम सेठ का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जब कोई व्यक्ति किसी बड़े पद पर पहुंचता है तो नश्चित ही वह अपने साथ साथ नगर व क्षेत्र का नाम रोशन करने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से नगर के एक युवा की जिस तरह से देश सेवा करने के लिये भारतीय वायुसेना में नियुक्ति होने पर संबंध नगर को गौरविंत करने में कोई कसर नही छोड़ी है। इस तरह नगर के गौरव का बीते हुये दिवस जब अवकाश के दौरान शहर में आगमन हुआ तो नपा अध्यक्ष द्वारा पूर्ण गरिमा के साथ सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि नगर का गौरव भारतीय वायुसेना में सेवा दे रहे लेफ्टिनेंट शिवम सेठ ने गाडरवारा का नाम रोशन किया गया है। क्योंकि जब भारतीय सेना की बात जुबान पर आती हैं तो सीना जहां गर्व के साथ फूलने से नही चूकता है। इस प्रकार से नगर में प्रतिभाओं की मेहनत और अपनी लगन निष्ठा से सफलता की कहानी लिखने वालों की कमी नही हैं। हमारे नगर क्षेत्र का प्रदेश और देश में नाम रोशन कर हमें गौरवान्वित करने वालें जाबाज भारतीय सिपाही जब राष्ट्र प्रथम की भावना को लेकर देश के लिए सेवा देने में भूमिका निभा रहें आज चर्चा उस नौजवान भारतीय वायुसेना में कार्यरत पलोड़ कालोनी निवासी गुप्ता परिवार में जन्में लेफ्टिनेंट शिवम सेठ की हैं जो वर्तमान में भारतीय वायुसेना कच्छ में राष्ट्र सेवा में समर्पित हैं। बीते हुये दिवस जब उनका आगमन हुआ तो नपा अध्यक्ष मिश्रा द्वारा नगर पालिका में उनको सम्मानित करते हुये अपने इस बात की खुशी का अहसास किया कि भारत माता की रक्षा करने वाले देश के सिपाही को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

## अमई में आयोजित चौपड़ प्रतियोगिता की विजेता बनी नयागांव टीम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत नयागांव के ग्राम अमई मे बीते हुये दिनों विशाल चौपड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। बताया जाता है कि इस आयोजन मे जिले के 80 से अधिक ग्रामो की टीमों ने सहभागिता की जिसमे इस खेल के माहिर माने जाने वाले खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान टीमों के मध्य रोचक मुकाबले हुए जिसमे नरसिंहपुर ब्लॉक के ग्राम नयागांव की टीम को विजेता बनने पर जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटैल के सौजन्य से 21101 रू की राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। वही ग्राम मुआर की टीम को उपविजेता बनने पर 11101 रू की राशि एवं शील्ड सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार कौरव, हल्के विश्वकर्मा, पवन पाठक के सौजन्य से पुरूस्कार के रूप में प्रदान की गई। इसी प्रकार से ग्राम रहली की टीम को तृतीय स्थान मिलने पर जनपद सदस्य संजय जैन के सौजन्य से 5101 रू एवं शील्ड तथा ग्राम सुजवारा की टीम को चतुर्थ स्थान प्राप्त होने पर रंजीत मेहरा द्वारा 3101 रू की राशि एवं शील्ड प्रदान की गई।

## कौड़िया शमशान घाट क्षेत्र बना आसामजिक तत्वों का अड्डा

**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** जहां शासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश जारी करते हुए लगातार गस्त करने के आदेश दिये गये है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पुलिस की गस्त व्यवस्था दुरूस्त न होने का परिणाम है कि ग्राम कौड़िया का शमशान घाट क्षेत्र में शाम होते ही आसामजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जिसके चलते इस क्षेत्र में जहां देर रात तक शराबियों का बोल बाला रहता है..? बताया जाता है कि यहां पर शराब खोरी करने वालों के आलवा मनचलों जमावड़ा होने के चलते मार्ग से निकलने वाले आम लोगों के लिये परेशान करने से नही चूकते है। इस क्षेत्र में शराब बिक्री होने के साथ साथ मांस मछली की दुकानों के चलते यह क्षेत्र आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। ज्ञात हो कि कुछ साल पहले यहां के शमशान घाट पर एक अज्ञात युवक का शव पाया गया था जिसकी सच्चाई का पता लगाने में पुलिस आज तक सफल नही हो पाई है..? क्योंकि यहां पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों के चलते यह क्षेत्र चर्चा का विषय बन चुका है। ज्ञात हो कि यह वह स्थान है कि गाडरवारा करेली मार्ग लगा होने के कारण इस मार्ग से देर रात तक लोगों का निकलना लगा रहता है। वही दूसरी ओर महिलाओं का भी आना जाना बना रहने के कारण जब इस प्रकार के कृत्य चलते है तो यहां से निकालने वाले लोगों सहित यहां पर रहने वाले सभ्य परिवार के लोगों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है..? वही दूसरी ओर सड़क मार्ग से निकलने वाली महिलाओं के साथ भी यहां पर मौजूद रहने वाले आसामजिक तत्वों द्वारा छीटाकशी करने से नही चूकते है जिसके चलते महिलाओं को इस क्षेत्र से गुजरना दुभर होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगो द्वारा पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए मांग की गई है कि शाम के समय शमशान घाट क्षेत्र में बिगड़ रही स्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां पर अपनी गस्त व्यवस्था चौकस की जावे, जिससे ग्राम व क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने से बच सके।

**न्यायालय श्रीमान तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय, गाडरवारा**

विनीत सराटे....................आवेदक बनाम
आम जनता...........................अनावेदक

प्र.स.न. 935/2025 MJCGW-12/ 2025
पेशी दिनांक - 11/11/2025
आदेश दिनांक - 25/09/2025

**आम जनता को सूचना बावत्**

इस न्यायालय में विनीत सराटे आत्मज लालचंद सराटे, निवासी एम.पी.ई.बी. कालोनी विवेकानंद वार्ड गाडरवारा तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र. ) ने इस न्यायालय में अवयस्क कृष्णा आयु 12 वर्ष आत्मज स्व. श्री दिनेश कुमार रजक का संरक्षक नियुक्त होने के संबंध में याचिका प्रस्तुत की है जिसका व्यवहार वाद क्रमांक MJCGW 12/2025 है तथा इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से आमजनता को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 11/11/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो, उपस्थित रहे । अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। नोट- यदि पेशी दिनांक को न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर होगी तिथि उपरात किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
गाडरवारा
दिनांक- 15/07/2025
(पंकज जयसवाल)
तृतीय जिला न्यायाधीश महोदय
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र. )
सील















## खबर संक्षेप



### कलेक्टर हर्षल पंचोली की संवेदनशीलता से शिक्षक को मिली बड़ी राहत

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली की संवेदनशीलता तब देखने को मिली जब लिवर ट्रांसप्लांट के बाद शिक्षक की परेशानी समझ कर, शिक्षक के निवेदन पर उन्होंने उसका स्थानांतरण जिला मुख्यालय मे कर दिया। ताकि वह पैदल घर से विद्यालय आना जाना कर सकें। शिक्षक ब्रजेश नाथ मिश्रा नान अल्कोहलिक लिवर प्राब्लम से परेशानी मे थे। डाक्टर ने उनका जीवन बचाने के लिये लिवर ट्रांसप्लांट किया। ऑपरेशन सफल रहा और वह महीनों अस्पताल मे भर्ती रहने के बाद वापस अनूपपुर आए तो शिक्षकीय कार्य से मोटरसाइकिल से काँसा विद्यालय जाना आना करने से उन्हे बडी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। उनके पुनः बीमार पडने की आशंका से उनके परिजन परेशान थे। ऐसे मे साहस करके श्री मिश्रा कलेक्टर हर्षल पंचोली से स्वयं मिले और अपनी पीडा और परेशानियों से उन्हें अवगत कराते हुए जिला मुख्यालय मे किसी विद्यालय मे पदस्थ करने का आवेदम किया। ताकि वह पैदल विद्यालय आना-जाना कर सकें। कलेक्टर श्री पंचोली ने स्वास्थ्य लाभ ले रहे शिक्षक की व्यथा,उनकी परेशानियों को भांपा। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ब्रजेश मिश्रा का स्थानांतरण जिला मुख्यालय स्थित कन्या विद्यालय मे कर दिया। इस आदेश से ब्रजेश मिश्रा और उनके परिवार को बडी राहत मिली है।

### धरती माता बचाओ निगरानी समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उर्वरक खपत की चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिला, अनुविभाग एवं ग्राम स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर व उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत होंगे। इस समिति में पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त सहकारिता, उर्वरक कंपनी खाद संघ प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, उप संचालक पशुपालन विभाग, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक एमपी एग्रो, जिला प्रबंधक नाबार्ड को सदस्य व उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को संयोजक बनाया गया है। अनुविभाग स्तरीय समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। ग्राम स्तरीय समिति के अध्यक्ष ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव पटवारी होंगे। समिति का कार्य किसी भी विशेष व्यक्ति या व्यक्ति समूह को उर्वरकों की अत्यधिक बिक्री, उर्वरकों के किसी भी अवैध उपयोग के साथ-साथ नकली उर्वरकों के उत्पादन वितरण पर नजर रखना, उसके कारणों का पता लगाना और गैर कृषि उपयोग सीमा पार तस्करी के लिए उर्वरकों के उपयोग की स्थिति में जिला एवं अनुविभाग अधिकारियों को सूचित करना है। समिति संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु रबी व खरीफ सीजन के पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर मासिक रूप से ओपन मीटिंग का आयोजन करेगी। ग्राम समितियों के माध्यम से 100 ऐसे ग्रामों का चयन किया जाएगा, जो अत्यधिक उर्वरक का उपयोग कर रहे हैं। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को ग्राम स्तर की बैठक में शामिल किया जाकर संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### श्रमिकों की आयु गणना के लिये नवीन निर्देश

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिये श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किये गये हैं। अब आयु गणना के लिये ''आधार कार्ड के आधार पर'' शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिये परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगरपालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा। उपरोक्त प्रमाण-पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पदश्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो का प्रमाण पत्र मान्य होगा।

# समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्ट: कलेक्टर

### जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

डिंडौरी।



कलेक्ट्रेट सभागार डिंडौरी में शुक्रवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में चल रहे नल-जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रदेश परस्ते, विधायक ओमकार मरकाम, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, पवन्ती कुशराम, रामप्रसाद तेकाम, गीता पट्टा, फूलकली मरावी, सीईओ जिला पंचायत दीपांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर बैद्यनाथ वासनिक, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य सदस्य, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार मौजूद रहे।बैठक में बताया गया कि जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 454 ग्राम और जल निगम मर्यादित को 450 ग्राम आवंटित किए गए हैं। 168570 घरों में नल जल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 107422 घरों में पेयजल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।कलेक्टर भदौरिया ने जल निगम मर्यादित की धीमी कार्यप्रगति पर नाराजगी जताते हुए महाप्रबंधक को सप्ताह में तीन दिन डिंडौरी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन से कोई भी बस्ती या बसाहट छूटनी नहीं चाहिए। यदि लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पूर्ण योजनाओं को जनपद पंचायत सीईओ से अनुमोदन प्राप्त कर हस्तांतरित किया जाए और "हर घर जल" की जानकारी समय से दी जाए। साथ ही ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए हैंडपंपों की मरम्मत योजना तैयार करने, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत और विद्युत समस्या वाले क्षेत्रों में शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि जिन ठेकेदारों ने निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया, उनके अनुबंध निरस्त किए जाएंगे और उन्हें ब्लैकलिस्ट में डाला जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि नल-जल योजना पूर्ण हो जाने के बाद सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से छूटे हुए घरों को योजना से जोड़ा जाए, ताकि जिले का कोई भी परिवार पानी की समस्या से वंचित न रहे।




## ना चेतावनी काम आई, ना नोटिस, अब होगी कार्रवाई, 24 अक्टूबर को हटेगा कब्जा

डिंडौरी।

ग्राम पंचायत अमरपुर (जनपद पंचायत अमरपुर) द्वारा शासकीय भवन पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। पंचायत ने पंचायत राज अधिनियम की धारा 56 के तहत 24 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे बेदखली की कार्यवाही करने का निर्णय लिया है।ग्राम पंचायत द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि दिलीप कुमार पिता सेवाराम रघुवंशी, संजय सिगौरे पिता रामनाथ सिगौरे, खेमराज कछवाहा पिता बलराम कछवाहा तथा राजेंद्र कुमार बर्मन पिता समारूलाल बर्मन, सभी निवासी ग्राम अमरपुर, को कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद उन्होंने शासकीय भूमि को खाली नहीं किया। पंचायत ने क्रमांक 04 दिनांक 15 अक्टूबर 2025 के प्रस्ताव के अनुसार कार्रवाई का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर डिंडौरी, अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अमरपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर, और थाना प्रभारी समनापुर व चौकी प्रभारी अमरपुर को सूचना प्रेषित की गई है। कार्यवाही के दिन राजस्व अमले व पुलिस बल सहित महिला बल की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है ताकि बेदखली की कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

## राष्ट्रीय सायबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत सायबर अपराध से बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय सायबर जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को ऑनलाइन ठगी एवं सायबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अभियान के अंतर्गत लोगों को यह जानकारी दी गई कि ऑनलाइन पुलिस या सीबीआई कॉल ठगी का हिस्सा है, तथा ऐसी किसी भी कॉल या लिंक पर विश्वास न करें।अभियान के दौरान कस्बा शाहपुर पोस्ट ऑफिस के सामने,ग्राम बजाग बाजार,समनापुर गांधी चौक,कस्बा करंजिया,कस्बा अमरपुर,बैगान टोला मेहंदवानी पर सायबर सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल, लिंक या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।सायबर अपराध से बचने हेतु जागरूक रहना ही सबसे प्रभावी उपाय है।

# पंकज तेकाम को मध्यप्रदेश भाजपा में नई जिम्मेदारी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त

डिंडौरी

**भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश ने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। इस सूची में पंकज तेकाम को एसटी मोर्चा अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।**



यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।पूर्व सांसद और विधायक हेमंत खंडेलवाल (विधानसभा क्षेत्र 131, बैतूल) ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में अन्य प्रमुख नियुक्तियाँ भी शामिल हैं **किसान मोर्चा अध्यक्षः** जयपाल सिंह चावड़ा ,एससी मोर्चा अध्यक्षः भगवान सिंह परमार, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्षः पवन पाटीदार।पंकज तेकाम को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद एसटी वर्ग से जुड़े मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य राज्य संगठन को मजबूत करना और विभिन्न मोर्चों के माध्यम से जनसंपर्क व कार्यकुशलता बढ़ाना है।

## डिंडौरी जिला चिकित्सालय में 800 बिस्तरों का होगा उन्नयन

डिंडौरी।



राज्य सरकार द्वारा आयोजित कैबिनेट बैठक में डिंडौरी जिले के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने से जुड़ा बड़ा निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रदेश के पांच जिलों टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर और डिंडौरी के जिला चिकित्सालयों में 800 बिस्तरों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है। साथ ही इन अस्पतालों के संचालन एवं सेवाओं के विस्तार के लिए 810 नए पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जानकारी दी कि मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अब इन अस्पतालों में बेड की संख्या 1000 से बढ़ाकर 1800 की जा रही है। इससे डिंडौरी सहित समूचे अंचल के मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस निर्णय से डिंडौरी जिला चिकित्सालय को आधुनिक उपकरण, अतिरिक्त विशेषज्ञ डॉक्टर और स्टाफ मिल सकेगा। साथ ही मरीजों के लिए भर्ती, जांच और उपचार सेवाएँ और अधिक सुलभ होंगी।सरकार के इस फैसले से डिंडौरी जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से जिला अस्पताल के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होती नजर आ रही है।

## डिंडोरी में भाईदूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया



**डिंडोरी।** जिले भर में दीवाली के बाद गुरुवार के दिन भाईदूज का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। डिंडोरी जिला मुख्यालय से लगे ग्राम देवरा में बहनों ने भाईदूज की सुबह से ही विशेष तैयारी की।

भाइयों को टीका और आरती

बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर उनकी आरती उतारी और उन्हें खीर और मीठा खिलाया। इस दौरान बहनों ने भाइयों को आशीर्वाद दिया और उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की।भाइयों ने भी बहनों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस अवसर पर भाइयों ने बहनों को जीवन भर साथ निभाने का वादा किया।भाईदूज के इस पावन अवसर पर यह त्योहार भाई-बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक बन गया। इस दिन को सभी ने बहुत ही खुशियों और प्रेम के साथ मनाया।

### लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम एवं जिला चिकित्सालय में किया फल वितरण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जन्मदिन मनाने के अपने-अपने तरीके होते हैं। कई लोग होटल में जाकर मानते हैं, तो कई लोग वृद्धाश्रम, जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के मध्य जाकर मनाते हैं। उसी क्रम में अनूपपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता 80 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी



मूलचंद अग्रवाल ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जाकर मनाया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी साथ-साथ थे। उन्होंने अपने हाथों से वृद्धाश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों को अपने हाथों से फल फ्रूट दिया। उनके साथ बैठकर उनके हाल-चाल जाना। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जाकर भर्ती मरीजों को अपने हाथों से फल फ्रूट दिया। उनके साथ उपस्थित समस्त लोगों को भी फल फ्रूट दिया। साथ ही जिला चिकित्सालय में उपस्थित सेवारत सभी लोगों को भी फल फ्रूट देकर एवं साथ ही मरीजों का हाल-चाल जाना उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### हाथ में खड़ग और खप्पर लेकर निकलीं मां काली

**बाजे-गाजे के साथ देवी भक्तों ने मां काली को दी विदाई**

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में दीपावली की रात पंडाल सजाकर पांच स्थानों पर मां काली की प्रतिमा विराजमान कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। बुधवार को मां काली का विसर्जन जुलूस निकाला गया जो नगर के विभिन्न गलियों से होता हुआ गोहंड्रा स्थित बांध में विसर्जित किया गया। नगर के गुरुद्वारा रोड, पुरानी बस्ती, पीपल चौक, अटल चौपाटी, शिशु भारती, स्कूल के पास एवं गोबिंदा कालोनी मे मां काली की प्रतिमा विराजमान की गई थी।

# वृंदावन ग्राम चयन के लिए अधिकारियों ने किया सरवाही ग्राम का निरीक्षण

डिंडौरी/शहपुरा।





वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित किए जाने वाले ग्राम के निर्धारण हेतु 23 अक्टूबर 2025 को शहपुरा एसडीएम, एपीओ मनरेगा, एसडीओ आरईएस एवं पीसीओ ने संयुक्त रूप से ग्राम सरवाही का निरीक्षण किया।वृंदावन ग्राम योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक ग्राम का चयन किया जाना है, जिसे सोलर इलेक्ट्रिफिकेशन, गौशाला स्थापना, ग्राम सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास जैसे कार्यों के माध्यम से मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम में चल रहे निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा कर विकास संबंधी आवश्यकताओं और सुझावों को भी जाना।अधिकारियों ने कहा कि चयनित ग्राम को विकास की दृष्टि से आदर्श बनाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है, ताकि अन्य ग्राम भी इसके अनुरूप प्रेरित होकर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सकें।

## अधिक मुनाफा कमाने के लिए सेहत से कर रहे खिलवाड़

# मिलावटी दालों का चल रहा कारोबार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मिलावटी दाल बिक्री के मामले में अब अनूपपुर जिले की भी गिनती होने लगी है। जहां रेट के अनुसार हर तरह की दाल उपलब्ध हो जाएगी। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार शहर की कुछ व्यापारियों के गोदामों में भी बड़ी मात्रा में ये मिलावटी दाल भरी हुई है। व्यापारियों द्वारा स्थानीय व्यापारियों को बताया जा रहा है कि वर्तमान कीमत की दाल को सस्ते में वे उपलब्ध करा सकते हैं। कुछ मिलों में तेवड़ा व मटर की पॉलिश की हुई दाल असली चना व राहर की दाल में एक मात्रा के अनुसार मिलाकर भेज दी जाती है। इसके सेवन से नुकसान भी होते हैं। बढ़ती महंगाई का असर लोगों की जेबों पर तो पड़ ही रहा है, लेकिन अब स्वास्थ्य पर भी पड़ने की संभावना बढ़ती जा रही है। दालों की कीमतें आसमान को छूने के बाद इसमें सस्ती दालों की मिलावट होने लगी है। चना व अरहर की दाल में तेवड़ा और मटर की दाल की मिलावट की जा रही है। तेवड़ा दाल को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना गया है। तेवड़ा की दाल देश के कई राज्यों में खाने के रूप में बिक्री करने के लिए प्रतिबंधित है। ज्यादा मुनाफा कमाने और प्रतिस्पर्धा के कारण कुछ व्यापारी अरहर की दाल में तेवड़ा की दाल की मिलावट कर रहे हैं।

### खाद्य विभाग ने साधा मौन

चना व अरहर की दाल में तेवड़ा की दाल के अलावा बटरी की दाल की भी मिलावट की जा रही है। अरहर में तेवड़ा की मिलावट कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह धंधा इन दिनों चरम पर है। तवड़ा की दाल प्रतिबंधित होने के बाद भी इसकी आवक की जा रही है फर्क सिर्फ इतना है कि इसे पशु आहार के रुपए में विक्रय किया जाता है, लेकिन कुछ दुकानदार इसे खाने वाली दाल, नमकीन और बेसन में मिक्स करके बेच रहे है। महंगाई के बीच शहर में मिलावटी दालें खुले आम बेची जा रही हैं। लेकिन खाद्य विभाग अब भी अनजान बना हुआ है। यह दाल वाहनों में चोरी-छिपे परच्यून के बीच आ रही है। लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी इन लोगों पर कार्रवाई करने की जगह उन्ही की दुकानो मे बैठकर चाय व काफी का सेवन कर अपना जुगाड़ साध रहे हैं। यदि इस क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण कर छापे डाले जाएंगे तो बड़ी संख्या में ऐसे माल का स्टॉक बरामद हो जाएगा।

# दो भालुओ की दस्तक से क्षेत्र में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 स्थित गोविंदा कॉलोनी में 22 अक्टूबर की सुबह दो भालुओ की दस्तक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। भालू के दिखाई देने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबक गए। वन परिक्षेत्र कोतमा के कल्याणपुर बीट अंतर्गत गोबिंदा कालोनी मे एक भालू को सुबह न्यू बी टाइप कॉलोनी और एक भालू को पुरानी डबल स्टोरी कॉलोनी में घूमते हुए देखा गया। बताया जा रहा है कि भालू शिकार या भोजन की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में पहुंच गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह कुछ देर बाद गोविंदा नर्सरी के आसपास भी घूमता नजर आया।स्थानीय निवासियों ने तुरंत भालू के कालोनी मे होने की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू की खोज व पकड़ने की कार्यवाही शुरू कर दी है। फिलहाल टीम कोतमा और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रही है। कालोनी एवं आसपास के लोगों में भालू के दस्तक के बाद भय का माहौल है। वन विभाग एवं प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि शाम के समय घरों से बाहर न निकलें और अंधेरे या सुनसान इलाकों में जाने से बचे। वन विभाग ने कहा है कि जब तक भालू को पकड़ा नहीं जाता, तब तक नागरिक विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को गोविंदा नर्सरी व जंगल क्षेत्र से दूर रखें।

**खबर संक्षेप**

### श्री देव सिद्ध बाबा का लगा 56 भोग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री देव सिद्ध बाबा मंदिर परिसर बाईपास में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। अन्नकूट महोत्सव के दौरान मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य सहित सपरिवार जनों द्वारा सुंदरकांड का पाठ कर, श्री देव सिद्ध बाबा का 56 भोग लगाया गया एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां नर्मदा परिक्रमा वासी सेवा समिति के सभी सदस्य, नगर के गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु भक्तजन सहित जिला भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष प रामसनेही पाठक, विधायक निज सचिव विनोद श्रीवास्तव ,नगर निरीक्षक गौरव चाटे, स्टेशन गंज थाना निरीक्षक रत्नाकर हिग्वे, निरीक्षक करुणा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस देव सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में मां नर्मदा पैदल परिक्रमा वासियों को वर्षभर भोजन प्रसाद की व्यवस्था परिक्रमा वासी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भी की जाती है सेवा समिति के संरक्षक पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल है।

### श्रीमती सरोज शर्मा का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस धनारे कॉलोनी गली नंबर 2 निवासी पं चन्द्रभान शर्मा (सेवानिवृत्त रेलवे एसआई) की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज शर्मा का 70 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। श्रीमती शर्मा बेहद ही धार्मिक महिला थी आप अधिवक्ता शरद व आशुतोष शर्मा की मां थी। अंतिम संस्कार आज शुक्रवार 24 अक्टूबर को सुबह 9 बजे नकटुआ मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### नहीं रहे आचार्य पं. अरुण दुबे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के आचार्य पं अरुण दुबे निवासी शंकर वार्ड नरसिंहपुर का स्वर्गवास हो गया। आप वैभव दुबे के पिताजी थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### भावांतर योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोयाबीन भावांतर योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। भावांतर योजना के तहत जिले में तहसील गाडरवारा, साईं खेड़ा, तेंदूखेड़ा, गोटेगांव, करेली एवं नरसिंहपुर में इस प्रकार कुल 13 हजार 653 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। भावांतर योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों से 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक कृषि उपज मंडी प्रांगण में सोयाबीन की खरीदी की जाएगी। भावांतर योजना में कृषकों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडी में घोषित मॉडल मूल्य के बीच के अंतर की राशि सीधे कृषकों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

### सड़क पर सांड़ों की लड़ाई, बंद रहा यातायात



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरूवार को नगर के मुख्य मार्ग पर शाम तकरीबन चार बजे धमाचैकड़ी मचा दी और यातायात लगभग बीस मिनिट तक बंद रहा। नगर के सिंहपुर चैराहे पर दो सांडों के आपस में भिड़ने से अफरा-तफरी मच गई।

## पारंपरिक परिधान में ग्वालों ने किया नृत्य, मड़ई मेले का आयोजन

# भाई को तिलक लगाकर बहन ने रखी लम्बी आयु की कामना









दीपावली का त्यौहार अनेको खुशियों से भरा त्यौहार होता है। दीपावली के त्यौहार का उत्साह लोगो मे पूरे बर्ष देखा जाती है दीपावली के त्यौहार की रौनक सम्पूर्ण जिले मे देखते ही बन रही थी गत दिवस भाई दोज के पर्व पर बहनो ने भाई को तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना की वही मढ़ई मेले के आयोजन में ग्वालो द्वारा पारंपरिक परिधान छुटका को पहन कर झूमकर नृत्य किया।

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सम्पूर्ण जिले में दीपावली का पर्व शांति व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगो द्वारा एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाई दी गई वही ग्वालों द्वारा मढ़ई मेले के आयोजन भी गांवो मे प्रारंभ हो चुके है ग्वालों द्वारा पारंपरिक परिधान मे छुटका पहनकर नृत्य किया गया जिसे देखने के लिये लोगों का काफी हुजुम उमड़ा एवं लोग मढ़ई में जमकर खरददारी करते हुये नजर आये।

**जमकर हुई गुब्बारों की विक्री-** गत दिवस भाई दूज पर ग्राम डुडवारा व बम्हौरी सहित अनेकों ग्रामों में मढ़ई का आयोजन स्थानीय नागरिको द्वारा कराया गया जिसमें लोगो द्वारा मिठाई व महिला सौंदर्य प्रसाधन सामग्री व गुब्बारों की विक्री सर्वाधिक हुई, मढ़ई से जाने वाले लोगो के हाथों मे अधिकांशतः मिठाई व गुब्बारे ही नजर आ रहे थे। आयोजनकर्ताओं द्वारा बताया गया कि हमारे पूर्वजों द्वारा उक्त मढ़ई का आयोजन कराया गया जाता था इसी क्रम में हमारे द्वारा मढ़ई का आयोजन कराया गया जिसमे क्षेत्रवासियों द्वारा जमकर मढ़ई का आनंद लेते हुये ग्वालों के नृत्य का आनंद लिया गया। वही मड़ई मे शहर के लोगों द्वारा पहुंचकर मड़ई का लुफ्त उठाया गया।

**बहनो ने भाई को लगाया तिलक-** भाई दूज पर बहनों द्वारा अपने भाई को तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना की। पूर्व से चली आ रही परंपरा के अनुसार भाई दूज पर बहन द्वारा भाई को तिलक लगाकर भाई की लंबी उम्र की कामना एंव सुख समृद्धि का वरदान गोवर्धन भगवान व माता लक्ष्मी व भगवान चित्रगुप्त की जाती है। मान्यता के अनुसार भाई दूज पर बहन भाई को तिलक लगाकर धान की लाई का प्रसाद देती है जिससे भगवान भाई के सभी कष्टो को हर कर सुख समृद्धि प्रदान करें। ऐसी मान्यता है कि भाई को तिलक लगाकर भाई के सुखी जीवन और दीर्घ आयु की कामना की जाती है।

**इतवारा बाजार में हुआ मढ़ई का आयोजन-** स्थानीय इतवारा बाजार में भाईदूज पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मढ़ई का आयोजन किया गया। आयोजक परिवार चैधरी परिवार द्वारा परम्परागत ढंग से मढ़ई मेले का आयोजन कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि यह परम्परा उनके पुर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई थी। जिसे हमारे परिवार द्वारा आज भी निभाया रहा हैं। मढ़ई मेले का शुभारंभ माता चंडी के विधिवत पूजन के साथ प्रारंभ किया जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए यादव समाज के लोगों द्वारा मनमोहक दिवाली नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में भंडारा का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि यह मढ़ई की परम्परा अब लुप्त होती जा रही है, ऐसे में यह परिवार इस परम्परा को आज भी जीवित रखने का काम कर रहा है।

**प्रकृति संरक्षण व संवर्धन की ली शपथ-** भााजपा कार्यकार्तओं द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार कृषि, किसान, पशुधन की वृद्धि एवं सुरक्षा के प्रतीक गोवर्धन पूजा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गौ माता का पूजन किया एवं एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित कर प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डा अनंत दुवे, भगवान दास राय, तुलसी राम जाट, अमितेंद्र नारोलिया, रमाकान्त धाकड़, सुभाष साहू, कमलेश शर्मा, महेंद्र सिंह चैहान, बालू महाराज, आनंद प्रताप पटेल, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डाइट में ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा के प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नरसिंहपुर में जिले की शालाओं मे अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों के हित मे प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षण-अधिगम की नई दिशा से जोड़ना तथा शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षण रणनीतियों, सहायक उपकरणों के प्रयोग तथा समावेशी कक्षा के वातावरण निर्माण पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेंद्र सिंह नागेश ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षकों मे वह क्षमता है जो



विद्यार्थियों के जीवन को नया आकार दे सकते हैं आप वह चाणक्य हैं जो चन्द्रगुप्त बना सकते हैं उन्होंने शिक्षकों से दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रति और अधिक संवेदनशीलता की अपील करते हुये कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का अमूल्य हिस्सा हैं। समापन कार्यक्रम मे प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी एपीसी (समावेशी शिक्षा) श्रीमती अंजू शर्मा द्वारा प्रशिक्षण सम्बन्धी संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये बताया गया कि जिले मे कुल 60 मूक बधिर विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिनके प्रभावी शिक्षण को सुनिश्चित करने की मंशा से जिले के 30 शिक्षकों को सांकेतिक भाषा और 30 शिक्षकों को ब्रेल लिपि का पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है उन्होंने डाइट परिसर मे संचालित जिले के एकमात्र दिव्यांग छात्रावास का विवरण देते हुये प्रशिक्षु शिक्षकों के छात्रावास अवलोकन की भी जानकारी दी। समापन कार्यक्रम मे प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों द्वारा सांकेतिक भाषा एवं ब्रेल लिपि के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्यापन कराने के छोटे छोटे डेमो सेशन भी प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे, वरिष्ठ व्याख्याता संजय शर्मा, श्रीमती अल्का शर्मा, श्रीमती श्रद्धा शुक्ला, गोविंद प्रसाद बड़कुर सहित समस्त डाइट स्टाफ उपस्थित रहा।

## बरसात की बाढ़ ने पुल पुलियों कृषि को पहुंचाया नुकसान

### इमलिया के मछई नाले और छिंदा नाले को किया छतिग्रस्त

**तेंदूखेड़ा** इस साल बारिस की बाढ़ ने जहां कृषि और निचली गांव बस्तियों और पुल पुलियों को बढ़ा नुकसान पहुंचाया है। समीपी ग्राम इमलिया कढेली में बिल्थारी तरफ जाने वाले मछई नाले जो लगभग ढाई लाख से भी अधिक की राशि से निर्मित कराया गया था लेकिन अत्यधिक वारिस बाढ़ और पानी के तेज बहाव के चलते सड़क की गिट्टी मिट्टी सहित नाले का कुछ भाग छतिग्रस्त हो गया है। कुछ भाग बहकर खेतों में जाकर जमा हो गया है जिसे किसानों ने खेत सुधारने के लिए जे सी बी से खुदवाकर सड़क किनारे लगा दिया है।इसी तरह से डोभी तरफ जाने वाले सड़क मार्ग से छिंदा नाले का भी कुछ भाग छतिग्रस्त हो गया है।इस विषय को लेकर स्थानीय कुछ लोगों ने गुणवत्ता को लेकर सवाल उठायें है। लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच का कहना है कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता से कराये गये हैं। बाढ़ और तेज बहाव के कारण कारण खेतों की मिट्टी के साथ कुछ हिस्सा ही छतिग्रस्त हुआ है।जिसकी जानकारी सब इंजीनियर को भी दी गई है।

## गाली गलौज व मारपीट, दहशत में परिवार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी युवक द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। सगौनी कलां गांव निवासी पार्वती बाई, रचना और नीरज चैधरी द्वारा शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया है कि उन्हे जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने, महिलाओं से अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी दी गई। आवेदन के अनुसार, यह घटना 21 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे हुई थी। नीरज चैधरी गांव की एक दुकान से सामान लेने गए थे, जहां संतोष पटेल से उनका मामूली स्पर्श हो गया। इस पर संतोष पटेल ने नीरज को मां-बहन की गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब नीरज की मां पार्वती बाई और पत्नी रचना उन्हें बचाने आईं, तो संतोष पटेल ने उनके साथ भी हाथापाई की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़तिों ने बताया कि उसी दिन रात करीब 7 से 8 बजे के बीच संतोष पटेल, अभिषेक लोधी, लखन पटेल और यशवंत पटेल हथियारों के साथ उनके घर पहुंचे। उन्होंने दरवाजे पर खड़े होकर जातिसूचक गालियां दीं और नीरज को जान से मारने और घर की महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने की धमकी दी। डर के मारे परिवार घर के अंदर छिपा रहा, जबकि आरोपियों ने रात 2 बजे तक मकान को घेरे रखा। अगले दिन सुबह भी आरोपी धारदार हथियारों के साथ पहुंचे और घर में आग लगाने और परिवार को जिंदा जलाने की धमकी दी। इस भयावह माहौल के कारण पीड़ति परिवार रात के समय गांव से भागकर नदी पार कर नरसिंहपुर पहुंचा। उन्होंने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की और उन्हें घंटों थाने में बैठाए रखा। आवेदकों का आरोप है कि आरोपी प्रभावशाली और पैसे वाले हैं, जिसके कारण पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# धराशायी हुआ कच्चा घर एक युवक गंभीर रूप से घायल



**गोटेगांव**

तहसील के ठेमी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घर भर-भरा कर धराशाई हो गया बताया गया कि संतोष नगर निवासी राहुल मेहरा 28 वर्ष लगभग 9.30 बजे अपने घर में बैठकर भोजन कर रहे थे। इस दौरान घर की 9 इंच वाली दीवार भरभरा कर उसके ऊपर गिर पड़ी। जिससे युवक दीवार की चपैट में आ गया और ईटों की चोट से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के दोनों पैर ईट मलवा में दब जाने के कारण से एक पैर तो बुरी तरह जख्मी हो गया है। इस दौरान उसकी मां को भी चोट आई है। जिसमें राहुल मेहरा को नरसिंहपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक का घर कच्चा बना हुआ है घटना से मोहल्ले में हड़कंप मच गया सभी ने दौड़कर घायलों को सुरक्षित किया और अस्पताल पहुंचाया।

## राज्य स्तरीय सीनियर ओपन स्टेट खो-खो टूर्नामेंट आज से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

पारंपरिक खेल खो-खो के खेल प्रेमियों के लिए जिले में मनी नागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं यूनिटी खो-खो क्लब, जिला खो-खो संघ नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में राज्य स्तरीय सीनियर ओपन स्टेट खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगॉव विधायक महेंद्र नागेश, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोडिया नगरपालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक की गरिमामय उपस्थिति में 24 अक्टूबर को सुबह 11 प्रारंभ शुभारंभ किया जावेगा।




# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाये। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण लेवल-1 एवं लेवल-2 पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। प्रकरणों का निराकरण गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में करने को कहा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन, विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा कर रही थी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

## बढ़ रहे अपराध, तीसरी नजर से अछूता गोटेगांव नगर

### नहीं हो पा रही सीसीटीवी कैमरा से निगरानी**अपराध कर हो जाते हैं फरार, पुलिस की गिरफ्त से कोसों दूर अपराधी

**गोटेगांव।** विगत दिवस नगर में कुछ वर्ष पहले सीसीटीवी कैमरा लगाए गए थे ताकि नगर में हो रही आप प्रतीक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और अपराध करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर सकें लेकिन शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर लगे सीसीटीवी कैमरा काफी समय से पूरी तरह से गड़बड़ और भंगार हो चुके थे और स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा भगतराम चौराहा एवं अन्य जगहों पर लगे भानगढ़ सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त कराए जाने हेतु निकालकर नए लगाए जाने की प्रक्रिया की गई थी लेकिन अब तक नगर सीसीटीवी कैमरा से अछूता है और नगर की निगरानी ना हो अपने से संपूर्ण क्षेत्र सहित नगर में अपराध बढ़ रहे हैं और नगर की तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा ना होने से अपराधी खुलेआम घटना को अंजाम देकर तीसरी आंख की नजर नगर में न होने से वारदात कर पुलिस गिरफ्त से अपराधी कोसों दूर हो जाते हैं इसके बाद पुलिस के खाली हाथ होने से पुलिस को असफलता मिलने के साथ-साथ नरसिंहपुर पुलिस कप्तान के द्वारा चलाए जा रहे जिले को अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने



हेतु स्वप्न पर पानी फिरता नजर आता है वही नगर में तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा ना होने का मुख्य कारण यह भी है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार नगरीय प्रशासन द्वारा ध्यान ना देना इनकी इनकी कर गुजरिया पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है आम नागरिकों ने जल्द से जल्द जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं नगरीय प्रशासन से शहर में नगर में तीसरी आंख के रूप में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने हेतु मांग की है जो की नगरीय प्रशासन एवं जिम्मेदार्जन प्रतिनिधियों द्वारा यह कार्य कराना जनहित की दृष्टि से जनता जनार्दन के लिए न्यायोचित होगा

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी लगी है जल्द ही दिखवाता हूं।

**सीएमओ सत्येंद्र सालवार नगर पालिका गोटेगांव**

## महिला कलचुरी समाज की आवश्यक बैठक संपन्न 31 अक्टूबर 2025 सहस्त्रबाहु जयंती का आयोजन

**गोटेगांव**

हैहय क्षत्रीय वंश, कुलचुरी समाज गोटेगांव की अति आवश्यक बैठक का आयोजन स्थानीय नेताजी सुभाषचंद बोस मिनी स्टेडियम गोटेगांव में किया गया।कार्यक्रम की प्रारंभिक बेला में आराध्यदेव भगवान राजराजेश्वर सहस्बाहूजी के तैल चित्र केसमक्ष माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित किया गया।,अतिआवश्यक बैठक में महिला कलचुरी समाज द्वारा आगामी 31 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार को भगवान सहस्बाहु जयंती बड़े ही हर्षीउल्लासमय वातावरण में मनाये जाने का निर्णय लिया गया।सहस्त्रबाहु जयंती समारोह के पावन अवसर पर





अंतर्राष्ट्रीय महिला कलचुरी समाज की पदाधिकारी गण शमिल होगी। साथ ही कार्यक्रम में जिले की समस्त मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील श्रीमति मनीषा राय सहित समस्त महिला कलचुरी समाज गोटेगांव ने की है। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेश्रीमति श्रद्धा चौकसे, श्रीमति अर्चना चौकसे,श्रीमति रजनी राय,श्रीमति मनीषा राय,श्रीमति ऋतु राय,श्रीमति मोनिका राय, श्रीमति मंजू राय,श्रीमति शोभा चौकसे,श्रीमति वर्षा राय,श्रीमति लक्ष्मी राय,श्रीमति सुरंजना चौकसे,श्रीमति पार्वती राय,श्रीमति प्रियंका राय सहित सभी स्वजातीय महिला शक्ति उपस्थित रहीं।